THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI RAM KINKER): (a) and (b). Yes, Sir. The number of applications pending for approval of House Building Advance on date for want of funds is around 1900.

(c) and (d). In 1977-78, a total number of 13,194 applications involving a sum of Rs. 32.28 crores were approved till 31st January, 1978. The loan involved in the pending applications is approximately Rs. 6 to 7 crores. These applications will be cleared off by the end of the current financial year.

### आयुध डिपों के वाहनों के टायरों पर रबड़ चढ़ाना

861. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि रक्षा मंत्रालय के अधीन आयुध डिपों के वाहनों के टायरों पर रबड़ चढ़ाने का काम गत तीन वर्षों में किन-किन फर्मों से करवाया गया और उनमें से ऐसी कितनी तथा कौन-कौन सी फर्में हैं जो शिक्षित बेरोजगारों द्वारा चलाई जा रही है ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास राज्य मंत्री (श्री राम किंकर ) : अपेक्षित सूचना इकट्ठी की जा रही है और उसे सभा-पटल पर रखा जायेगा ।

### रक्षा मंत्रालय के वाहनों के टायरों पर रबड़ चढाने का काम

862. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में रक्षा मन्त्रालय के कितने आयुध भंडारों की सप्लाई पूर्ति विभाग द्वारा की जाती है तथा क्या यह सत्य है कि रक्षा मन्त्रालय और आयुक्त भंडारों के सभी वाहनों के टायरों पर रबड़ चढ़ाने का कार्य टैन्डर द्वारा कराया जाता है और यदि हां तो ऐसे कितने भंडार हैं जो यह कार्य कराते हैं तथा उनके क्या नाम हैं;

(ख) क्या भाग (क) में पूछे गये कार्य को टैन्डर द्वारा कराया जाता है, यदि हां, तो कब-कब और गत तीन वर्षों के दौरान किन फर्मों से टैन्डर मांगे गये थे और उन्हें किन दरों पर काम दिया गया है ; और

(ग) क्या अधिकांश पार्टियों ने आपस में निश्चय करके ही एक जैसे टैन्डर दिये हैं यदि हां, तो किन फर्मों के टैन्डर एक समान थे तथा ऐसी कितनी फर्में थीं जिनकी दरें कम होने पर भी उन्हें काम नहीं दिया गया तथा उनके क्या नाम हैं ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम किंकर) : (क) से (ग) अपेक्षित सूचना इकट्ठी की जा रही है और उसे सभा पटल पर रखा जायेगा ।

### किसानों को कृषि मूल्य आयोग का सदस्य बनाया जाना

863. श्री चतुर्भुज : क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 27 जनवरी, 1978 को जयपुर में आयोजित राजस्थान किसान यूनियन की एक सभा में पारित प्रस्ताव में यह मांग की गई कि कृषि मूल्य आयोग के अधिकांश सदस्य अनुभवी किसान होने चाहिएं और इसका अध्यक्ष भी एक किसान होना चाहिए; और

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) और (ख) . इस मंत्रालय